तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 1 दिसंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

3
गरीबों की सेवा करना पुण्य का कार्य : धनोंदिया



## खबर संक्षेप

### एसआईआर हेतु आवेदन की तिथि एक सप्ताह बढ़ी

**कोरबा।** चुनाव आयोग ने देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चल रही विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया की समय-सीमा एक सप्ताह बढ़ा दी है। आयोग ने नया संशोधित शेड्यूल जारी किया है, जिसके अनुसार अब एन्यूमरेशन, बूथों के पुनर्गठन, ड्राफ्ट रोल की पब्लिकेशन, क्लेम और ऑब्जेक्शन की पूरी प्रक्रिया नई तारीखों के अनुसार संपन्न होगी। चुनाव आयोग के अनुसार कई राज्यों ने पुनरीक्षण प्रक्रिया में और समय की मांग की थी, जिससे मतदाता सूची को और अधिक सटीक और अद्यतन किया जा सके। उसी को ध्यान में रखते हुए चुनाव आयोग ने एसआईआर की अंतिम तिथि को बढ़ाने का निर्णय लिया। पहले ड्राफ्ट लिफ्ट 9 दिसंबर को जारी होनी थी अब इसे 16 दिसंबर को जारी किया जाएगा। इसी तरह वोटर वेरीफिकेशन का काम अब 11 दिसंबर तक चलेगा जो पहले 4 दिसंबर तक निर्धारित थी।

### कृषकों के पंजीयन हेतु तिथि में वृद्धि

**कोरबा।** एकीकृत किसान पोर्टल से जारी पत्र के माध्यम से कैरीफारवर्ड, डूबान क्षेत्र एवं वन पट्टाधारी कृषकों के पंजीयन की कार्यवाही हेतु 30 नवम्बर तक संबंधित प्रावधान को समस्त समितियों के समिति लॉगिन में उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया था। उक्त श्रेणियों के कृषकों के पंजीयन की प्रक्रिया वर्तमान में प्रचलित है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कृषकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए, संबंधित प्रावधान को समस्त समितियों के समिति लॉगिन में उपलब्ध कराने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 15 दिसम्बर तक करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

### गिरदावरी एवं डिजिटल क्रॉप सर्वे हेतु आवेदन 15 तक

**कोरबा।** गिरदावरी एवं डिजिटल क्रॉप सर्वे के संबंध में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पीवी ऐप के माध्यम से भौतिक सत्यापन उपरांत प्रविष्टियों में परिवर्तन करने की अवधि को पूर्व में 30 नवम्बर तक बढ़ाया गया था, जिसे अब पुनः बढ़ाकर 15 दिसम्बर कर दिया गया है। शासन द्वारा निर्देशित किया जाता है कि सभी संबंधित अधिकारी एवं मैदानी अमला संशोधित समय-सीमा के अनुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें, ताकि गिरदावरी एवं डिजिटल क्रॉप सर्वे की प्रविष्टियाँ समयबद्ध एवं शुद्ध रूप से पूर्ण की जा सकें।

### सेवानिवृत्त कर्नल अशोक को दी गई विदाई

**कोरबा।** एसईसीएल मुख्यालय से सेवानिवृत्त हो रहे लेफ्टिनेंट कर्नल अशोक कुमार को विदाई दी गई। 30 नवंबर को सेवानिवृत्त होने वाले ले. कर्नल अशोक कुमार के सम्मान में 29 नवंबर को मुख्यालय स्थित सीएमडी कक्ष में आयोजित समारोह में निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक मनीष श्रीवास्तव, विभिन्न विभागाध्यक्ष, श्रम संघ प्रतिनिधि, सुरक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी समेत बड़ी संख्या में कर्मचारी शामिल हुए। इस दौरान निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास ने कहा कि ले. कर्नल अशोक कुमार मिलनसार और विपरीत परिस्थितियों में भी कार्य को कुशलतापूर्वक संपादित करने की क्षमता वाले अधिकारी रहे हैं। उनके योगदान ने एसईसीएल को कई उपलब्धियाँ दिलाईं, जिन्हें सदैव याद किया जाएगा। ले. कर्नल अशोक कुमार ने कहा कि संस्था में कार्य करना उनके लिए गौरव की बात रही।

### सीएम, डिप्टी सीएम का कलेक्टर-एसपी ने किया अभिवादन

**कोरबा।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और वित्त मंत्री ओ पी चौधरी एक कार्यक्रम में शामिल होने कोरबा पहुँचे। जिनका कलेक्टर अजीत वसंत, एसपी सिद्धार्थ तिवारी, डीएफओ प्रेमलता यादव, निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने स्वागत किया।

# अब ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास का लगेगा क्यूआर कोड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

प्रधानमंत्री आवास योजना में अब किसी भी तरह की गड़बड़ी रोकने के लिए मनरेगा के तर्ज पर ग्राम पंचायतों में पीएम आवास योजना का क्यूआर कोड लगेगा। इस क्यूआर कोड से अब किस पंचायत में कितने आस स्वीकृत हुए, कितनी किश्त जारी हुई के साथ आवासों के अधूरे होने एवं पूर्ण होने का रिकार्ड भी मिल सकेगा।

ग्राम पंचायत स्तर में चलने वाली केंद्रीय योजनाएं अब ऑनलाइन की जा रही हैं। ग्रामीणों को इन योजनाओं के संबंध में जानकारी लेने के लिए जनपद और जिला पंचायत नहीं आना पड़ेगा। उन्हें उनके ग्राम पंचायत मुख्यालय में ही केंद्रीय योजनाओं से संबंधित जानकारियां मिल सकेंगी। पंचायत विभाग ने सभी ग्राम पंचायतों में क्यूआर कोड लगाए जाने के निर्देश दिए हैं7 इसके तहत सबसे पहले मनरेगा के क्यूआर कोड ग्राम पंचायतों में लगाए गए थे। जिसमें ग्राम पंचायत में मनरेगा से स्वीकृत कार्य और जॉब कार्डधारी मजदूरों की संख्या सहित मजदूरी का विवरण मिल जाता है। इसी तर्ज पर अब प्रधानमंत्री आवास योजना में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से क्यूआर कोड लगाए जा रहे हैं। इस क्यूआर कोड को स्कैन करते ही आवास निर्माण की विस्तृत जानकारियां क्लिक करते ही मिल जाएंगी। जिसमें ग्राम पंचायत में स्वीकृत आवास की संख्या, कार्यों की प्रगति, स्वीकृत राशि, खर्च का विवरण, आम लोगों को मिल सकेग। जिला पंचायत सीईओ श्री नाग ने इसके लिए सभी जनपद पंचायत के सीईओ को इसके निरीक्षण के निर्देश भी दिए हैं।

### पूर्व में मनरेगा प्रकोष्ठ ने लगाया था अपना क्यूआर कोड

**खास बात**

- किस पंचायत में कितने आवास स्वीकृत हुए और कितनी राशि मिली उसकी मिलेगी जानकारी



### जनपद पंचायतों में बढ़ेगी जनभागीदारी

यह योजना जिले के सभी जनपद पंचायतों के ग्राम पंचायतों में क्यूआर कोड योजना लागू होने के बाद ग्रामीण अंचलों में शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता आने के साथ जनभागीदारी भी बढ़ेगी। इसके पूर्व ग्राम पंचायतों में पीएम आवास की स्वीकृति को लेकर सूची में नाम दर्ज कराने के नाम पर अवैध उगाही के मामले भी सामने आते थे। साथ ही जनभागीदारी बढ़ने की बजाए जनसंघर्ष के प्रकरण सामने आते थे। अब इस योजना के बाद से क्यूआर कोड को क्लिक करते ही शंका का समाधान हो सकेगा।

### कोरबा और पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड में ही मिली है जमीन

# विकासखंड में स्टेडियम बनाने की योजना अधूरी जमीन नहीं मिलने की समस्या आई सामने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को उनके ब्लॉक में ही खेल सुविधा मुहैय्या कराने के उद्देश्य से जिले के सभी पांचों विकासखंड में स्टेडियम बनाए जाने की योजना तैयार की गई है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग को इसके लिए जिम्मेदारी दी गई है। विभाग के द्वारा राजस्व विभाग के सहयोग से स्टेडियम तैयार करने हेतु जमीन तलाश का काम शुरु किया। इसके तहत कोरबा और पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के अंतर्गत ही जमीन चयन का काम पूरा हो सका है।

**खास बात**

- खेल एवं युवा कल्याण विभाग को मिली है जिम्मेदारी



फाइल फोटो

ग्रामीण अंचलों में खेल मैदान नहीं होने के कारण किसी भी तरह की खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन को लेकर व्यवहारिक एवं तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। स्टेडियम नहीं होने की वजह से स्कूल के समीप ही खाली पड़ी जमीन में ही स्थानीय स्तर पर मैदान तैयार कर किसी तरह प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता था। सुविधा नहीं होने की वजह से जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन ब्लॉक मुख्यालय में भी नही हो पाता था। आयोजन के लिए जिला मुख्यालय के विद्युत गृह क्रमांक 1 स्कूल में ही जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होती हैं। इसी तरह खेल एवं युवा कल्याण विभाग के द्वारा ओपन खेल प्रतियोगिता का आयोजन भी जिले में ही कराया जाता है। राज्य शासन के द्वारा ग्रामीण अंचल की खेल प्रतिभाओं को सुविधा देने के उद्देश्य से जुलाई महीने में राज्य सरकार के द्वारा ब्लाक मुख्यालयों में खेल मैदान तैयार करने के लिए जिला प्रशासन को निर्देशित किया था इसके तहत जिले के कोरबा विकासखंड के ग्राम बरपाली में राजस्व विभाग ⏭ शेष पेज 3 पर

### पसान और कटघोरा के स्टेडियम सुविधाविहीन

पसान और कटघोरा ब्लॉक में स्टेडियम तो बनाए गए हैं किंतु दोनों ही सुविधाविहीन बने हुए हैं। खेलने आने वाले खिलाड़ियों को पानी तक की सुविधा नहीं मिल पाती है। चारों साइड गैलरी का निर्माण जरुर किया गया है लेकिन इन दोनों स्टेडियम में एक कमरे भी नहीं बने हैं। कटघोरा का स्टेडियम तो नगर पालिका परिषद क्षेत्र में ही स्थित है। जब कोई आयोजन होता है तभी स्टेडियम मे साफ सफाई और मिट्टी लेवलिंग का कार्य किया जाता है।

### हाईस्कूल के मैदान में होता है आयोजन

करतला और पाली विकासखंड के बड़े हाईस्कूल में ही आयोजन होते हैं। सारी सुविधाओं का प्रबंध स्कूल प्रबंधन को करना पड़ता है। सबसे ज्यादा मुश्किलें खेल एवं युवा कल्याण विभाग को होती है जिनके पास स्टाफ की कमी होने के अलावा आयोजन के लिए अन्य विभागों का भी सहयोग नहीं मिल पाता। स्टेडियम के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग को 5 एकड़ जमीन की आवश्यकता है। पाली में राजस्व मद की भूमि कम होने की वजह से उसे अन्य शासकीय कार्यों के लिए आरक्षित रखा गया है।

# एसईसीएल ने किया सौ मिलियन टन कोयला उत्पादन का आंकड़ा पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

एसईसीएल ने चालू वित्तीय वर्ष में 100 मिलियन टन कोयला उत्पादन का आंकड़ा पार कर लिया है। चालू वित्तीय वर्ष में 2025-26 में एसईसीएल के समक्ष 212 मिलियन टन का लक्ष्य है। 29 नवम्बर की स्थिति में एसईसीएल का कोयला उत्पादन 100.01 मिलियन टन के आंकड़े पर पहुंच चुका है।

**खास बात**

- कंपनी को चार माह में 112 मिलियन टन तक पहुंचने के लिए उत्पादन में और लानी होगी तेजी

एसईसीएल को वित्तीय वर्ष पूरा होने के पहले चार माह में 112 मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य हासिल करना होगा। उत्पादन लक्ष्य हासिल करने के लिए कंपनी को कोयला उत्पादन में और तेजी लानी होगी। वर्तमान में एसईसीएल की 13 इकाइयों से कोयला उत्पादन किया जा रहा है। कंपनी प्रबंधन हर हाल में उत्पादन लक्ष्य हासिल करना चाहता है यही वजह है कि कंपनी के आला अधिकारी समय समय पर विभिन्न एरिया में संचालित कोयला खदानों का निरीक्षण करने पहुंच रहे हैं और कोयला उत्खनन और डिस्पेच की जानकारी जुटा रहे हैं। इसके साथ ही क्षेत्र के अधिकारियों को कोयला उत्पादन बढ़ाने का निर्देश दे रहे हैं। 29 नवंबर तक की स्थिति में यूनिटवार कोयला उत्पादन की बात करें तो गेवरा में 28.88 मिलियन टन, दीपका में 22.58, कुसमुंडा में 15.33, रायगढ़ में 11.67, कोरबा में 4.41, सोहागपुर में 3.65, भटगांव में 3.23, जमुना कोतमा में 2.78, हसदेव में 1.77, चिरमिरी में 1.71, बैकुंठपुर में 1.69, बिश्रामपुर में 1.33 और जोहिला में 0.96 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया गया है। कंपनी को लक्ष्य हासिल करने के लिए शेष बचे चार महीनों में कोयला उत्पादन में और तेजी लानी होगी। तभी कंपनी उत्पादन लक्ष्य को हासिल कर सकेगा।

# मड़वारानी में पकड़ा गया 140 क्विंटल मिक्स धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

धान खरीदी के दौरान फर्जीवाड़े को रोकने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों के गोदाम और दुकान में प्रशासन की ताबड़तोड़ कार्यवाही के दौरान अब तक सैकड़ों क्विंटल दुकान और गोदाम में डंप किए गए अवैध धान जप्त किए गए हैं। इसी कड़ी में रविवार को राजस्व विभाग की टीम ने मड़वारानी के ग्राम पुरैना में 140 क्विंटल अवैध धान जप्त किया गया है। इसके संबंध में व्यवसायी के द्वारा कोई वैध दस्तावेज टीम को नहीं दिखा गए हैं।

**खास बातें**

- गोदाम और दुकान में रखा गया था
- कार्यवाही के दौरान राजस्व विभाग को नहीं मिले वैध दस्तावेज



कार्यवाही करती राजस्व विभाग की टीम।

ग्रामीण अंचलों के दुकानों और गोदाम में अवैध ढंग से धान की खरीदी को रोकने और बिना वैध दस्तावेज के धान को भंडारित किए जाने के मामले में इस वर्ष धान खरीदी के शुरुआत से ही जप्ती की कार्यवाही की जा रही है। जिससे धान तस्करी में शामिल बिचौलियों और व्यवसायियों में भय का वातावरण में बना हुआ है। रविवार को बरपाली तहसीलदार के द्वारा ग्राम मड़वारानी के पुरैना गांव में व्यवसायी लखन साहू के दुकान और गोदाम में दबिश दी गई तो वहां नया और पुराना धान बोरी में रखा पाया गया। 140 क्विंटल धान के संबंध में तहसीलदार द्वारा व्यवसायी लखन साहू से वैध दस्तावेज मांगे गए तो उसके द्वारा ऐसे कोई भी दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए। इस पर राजस्व विभाग की टीम के द्वारा धान को जप्त करने की कार्यवाही की गई है। ज्ञात हो कि 15 नवंबर से जिले में धान खरीदी शुरु हुई है और दो दिन बाद ही राजस्व विभाग की टीम ने पाली विकासखंड के ग्राम पाली में दबिश देकर 40 क्विंटल अवैध धान जप्त किया था उसके बाद से लगातार ग्रामीण अंचलों के धान के व्यवसाय से जुड़े लोगों पर कार्यवाही की जा रही है।

### रिसाइकलिंग से होती है बिक्री

कई बार व्यवसायियों से ही किसानों के द्वारा धान की खरीदी कर मंडी में बेचा जाता है। ऐसे भी मामले पकड़ में आए हैं जिसमें धान रिसाइकलिंग के द्वारा बेचा जा रहा है। बताया जाता है कि इस काम में जिले के कुछ राइस मिलर्स भी शामिल है। जिनसे किसान धान लेकर दोबारा समिति में जाकर बेच दे रहे हैं। इसे देखते हुए धान उठाव का एग्रीमेंट करने के पहले प्रशासन ने राइस मिल का भौतिक सत्यापन भी शुरु करा दिया है।

# अलग-अलग स्थानों में दो की मौत, तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



करमंदी में हुए हादसे में मृत छात्र।

जिले में दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई है। जबकि तीन लोग घायल हो गए हैं घायलों को उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल में दाखिल कराया गया है। जानकारी के अनुसार पहली घटना उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम करमंदी के समीप घटित हुई है। बताया जाता है कि सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोढ़ी निवासी साहिल खड़िया, सिद्धार्थ खड़िया 12 वर्ष, व चिंटू तीनों दोस्त रविवार की शाम तीन मोटरसाइकिल में घूमने के लिए गए हुए थे जहां से वापस लौटने के दौरान ग्राम करमंदी के समीप पहुंचे थे कि उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से टकरा गए। हादसे में साहिल, चिंटू व सिद्धार्थ तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और तीनों को उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां मेडिकल हॉस्पिटल में उपचार के दौरान चिकित्सकों ने सिद्धार्थ खड़िया उम्र 12 वर्ष को मृत घोषित कर दिया। जबकि साहिल व चिंटू का उपचार चल रहा है। हादसा कैसे और किन परिस्थितियों में हुआ है या अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दूसरी घटना सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत चारपारा कोहड़िया के समय घटित हुई है। बताया जाता है कि कोहड़िया बस्ती में निवासरत भुवनलाल यादव 40 वर्ष पिता अंगदराम यादव अपने 8 वर्षीय नाती आर्यन के साथ साइकिल में सवार होकर किसी काम से चारपारा कोहड़िया गये हुए थे जहां देर शाम को काम निपटाकर दोनों साइकिल से लौट रहे थे कि इसी दौरान एक तेज रफ्तार कार के चालक ने तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए साइकिल को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे भुवनलाल यादव और उसका नाती आर्यन गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगिरों की मदद से दोनों को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत भुव लाल यादव को मृत घोषित कर दिया है जबकि आर्यन का उपचार चल रहा है।

**खास बात**

- उरगा थाना क्षेत्र व सीएसईबी चौकी क्षेत्र में हुई घटना

### नशा मुक्ति, प्रदूषण से बचाव और स्वास्थ्य सहित स्वच्छ वातावरण का दिया संदेश

# एनकेएच वॉकथॉन में उमड़ा कोरबा, किया स्वास्थ्य जागरूकता का ऐतिहासिक कदमताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




ककक

न्यू कोरबा हॉस्पिटल द्वारा आयोजित वॉकथॉन में रविवार को शहरवासियों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर स्वास्थ्य जागरूकता का सशक्त संदेश दिया। सुबह 7:30 बजे घंटाघर चौक से शुरू हुआ यह वॉकथॉन न्यू कोरबा हॉस्पिटल परिसर पहुंचकर सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में सैकड़ों प्रतिभागियों ने पैदल चलकर एकता, नशा मुक्ति, प्रदूषण से बचाव, स्वास्थ्य और स्वच्छ वातावरण का संदेश दिया।

वॉकथॉन की शुरुआत जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार, सीएसपी कोरबा भूषण एक्का, नगर निगम सभापति नूतन सिंह ठाकुर, विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष अमरजीत सिंह, राज्य सचिव स्काउट एंड गाइड जितेंद्र साहू एवं एनकेएच ग्रुप डायरेक्टर डॉ. एस. चंदानी द्वारा की गई। अस्पताल पहुंचने पर प्रतिभागियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें शुगर, बीपी एवं सामान्य स्वास्थ्य जांच विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा की गई। अतिथियों ने कहा कि एनकेएच हमेशा से स्वास्थ्य सेवाओं में अग्रणी रहा है। वॉकथॉन जैसी पहलें लोगों को नशा मुक्ति, प्रदूषण से बचाव, तथा पैदल चलने की आदत विकसित करने के लिए प्रेरित करती हैं। एनकेएच ग्रुप के डायरेक्टर व प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. एस. चंदानी ने कहा कि कोरबा ने उन्हें बहुत कुछ दिया है और वे चाहते हैं कि कोरबावासी बिना दवाइयों के स्वस्थ रहें। इसी उद्देश्य से यह आयोजन किया गया। एडवांस डायग्नोसिस सेंटर की डायरेक्टर डॉ. वंदना चंदानी ने भी लोगों की भारी भागीदारी पर आभार व्यक्त किया। और कोरबा में अपने स्वास्थ्य को लेकर हर कोई चिंतित और परेशान है। इसे लेकर जागरूकता फैलाने का प्रयास किया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले पहले 300 लोगों को टी-शर्ट एवं प्रमाणपत्र वितरित किए गए। आयोजन को सफल बनाने में बजरंग दल कोरबा का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर जिला संगठक एनएसएस वाय.के. तिवारी, भाजपा जिला मंत्री विवेक मारकंडे, केएन कॉलेज के कार्यक्रम अधिकारी गोविंद माधव उपाध्याय, पोषण विशेषज्ञ निधि अग्रवाल, योगा इंस्ट्रक्टर ⏭ शेष पेज 3 पर

### विधायक ने सुनी पीएम के मन की बात

**हरदीबाजार।** कटघोरा विधानसभा क्षेत्र विधायक प्रेमचंद पटेल ने अपने गृहग्राम रेलडबरी निवास कार्यालय में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायी कार्यक्रम मन की बात को क्षेत्र के आम जन परिवारो के साथ सुना।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### बाइक की टक्कर से मासूम बच्ची की मौत

**बिलासपुर।** तेज रफ्तार बाइक चालक ने सड़क किनारे खड़ी मासूम बच्ची को टक्कर मार दी। सिर में गंभीर चोट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। बिल्हा पुलिस के अनुसार, ग्राम गुमा निवासी श्रुति गेंदले पिता सुनील गेंदले 5 साल 27 नवंबर को अपने पिता के साथ बाल कटवाने के लिए बिटकुली जा रही थी। रास्ते में उनका पिता सड़क किनारे बाइक को खड़ी कर बेटी को छोड़कर परिचित के घर चले गए। इसी दौरान पीछे से आ रहे बिना नम्बर के बाइक के चालक अजय बंजारे पिता हरिशंकर बंजारे 22 साल ने श्रुति को टक्कर मार दी। हादसे में श्रुति के सिर में गंभीर चोट आई। उन्हें इलाज के लिए बिल्हा अस्पताल ले गया, जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया है। पुलिस ने बाइक चालक अजय बंजारे के खिलाफ बीएनएस की धारा 106, 1 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### शराब खरीदकर बेचने जा रहा युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** शहर की शराब दुकानों से भारी मात्रा में शराब खरीदकर उसे बेचने जा रहे बाइक सवार युवक को पुलिस ने पकड़ लिया है। उसके पास से 65 पाव देशी शराब जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। तारबाहर थाना के एसआई रामनरेश यादव ने बताया कि रविवार की शाम क्षेत्र में पेट्रोलिंग के दौरान सूचना मिली कि एक युवक बाइक में भारी मात्रा में शराब लेकर बिक्री करने जा रहा है। उन्होंने स्टाफ के साथ सीएमडी चौक के आगे घेराबंदी कर बाइक सवार खमरिया निवासी महावीर कौशिक पिता स्व. सोनूराम कौशिक 58 साल को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर थैले व डिक्की में 65 पाव देशी शराब मिली। श्री यादव ने बताया वह खमरिया से शहर आकर घूम घूमकर शराब दुकानों से 5 से 6 पाव देशी शराब खरीदते हुए शराब एकत्रित बिक्री करने के लिए गांव लेकर जा रहा था। पुलिस ने शराब जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### युवती से अनाचार का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** मंदबुद्धि के गर्भवती होने पर सनसनी फैल गई। परिजन की शिकायत पर पुलिस ने अनाचार करने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया है।



कोटा टीआई तोप सिंह नवरंग ने बताया, क्षेत्र की रहने वाली एक मंदबुद्धि युवती अपने पिता के साथ रहती है। रिश्तेदार व आसपास के लोगों ने उसकी जांच कराई, जिसमें उसके गर्भवती होने की पुष्टि हुई। परिजन ने युवती से पूछताछ की तो उसने बताया कि 15 अगस्त को घोंघाडीह निवासी शंकर कुर्रे शराब पीकर उसके साथ अनाचार किया। उसके बाद मंदबुद्धि का फायदा उठाकर लगातार शारीरिक संबंध बना रहा था। पुलिस ने परिजन की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 69 के तहत शंकर कुर्रे को गिरफ्तार कर लिया है।

**मैनुअल टेस्ट होगा बंद** परिवहन विभाग खर्च करेगा 1 करोड़ 80 लाख रूपए, अब ड्राइविंग लाइसेंस महज औपचारिकता नहीं होगी

# लगरा में बनेगा आटोमेटिक ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक, जमीन पर कब्जा, किया जाएगा सीमांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जल्द ही ड्राइविंग लाइसेंस कम्प्यूटराईड व सैमुलेटेड मशीनों के परीक्षण के आधार पर ही बनेंगें। रायपुर की तर्ज पर बिलासपुर में भी आटोमेटिक ड्राइविंट टेस्टिंग ट्रैक की स्थापना होगी। इसके लिए विभाग के पास 1 करोड़ 80 लाख रूपए का बजट आ चुका है।

■ 2 एकड़ क्षेत्र में ट्रैक का होगा निर्माण




जमीन लगरा स्थित 12 एकड़ जमीन पर ही बनेगी। इसके 2 एकड़ जमीन पर अवैध कब्जाधारियों का कब्जा जमा है, इसे हटाने के लिए सोमवार को राजस्व व परिवहन अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंचेगी। सड़क पर दौड़ने वाले वाहन चालकों को प्रशिक्षित होना अनिवार्य है, इसकी गारंटी ड्राइविंग लाइसेंस के जरिए ही होती है, लेकिन अब मैनुअल तरीके से ड्राइविंग लाइसेंस बनना बंद हो जाएगा। दरअसल जल्द ही लगरा स्थित आरटीओ कार्यालय में आटोमैटिक ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक बनाया जाएगा, जहां कम्प्यूटराईड व सैमुलेटेड मशीनों के द्वारा चालक ड्राइविंग टेस्ट में पास होंगे। खास बात यह है कि अब ड्राइविंग लाइसेंस महज औपचारिकता नहीं होगी, जिससे सड़क पर हादसे कम हो सकेंगे और सुरक्षित ड्राइविंग संभव होगी। दरअसल लगरा में आटोमेटिक ड्राइविंट टेस्टिंग ट्रैक की बनाने का रास्ता साफ हो चुका है। करीब 1 करोड़ 80 लाख रूपए की लागत से 2 एकड़ क्षेत्र में ट्रैक का निर्माण होगा।

### यह होगी व्यवस्था

ट्रैक बनाने के लिए आरसीसी सड़क का निर्माण किया जाएगा। जिसमें ट्रैक के दोनों ओर सेंसर लगाए जाएंगे। वाहन चालक के हर मूवमेंट की खबर सेंसर को होगी। टेस्ट देने वाले की ड्राइविंग स्कील जैसे गाड़ी पर ब्रेक लगाना, स्पीड, संतुलन, लेन, सिग्नल जैसे सभी निर्देश का पालन सेंसर में दर्ज होगी। इसी के आधार पर ऑनलाइन रिपोर्ट जनरेट कर ड्राइविंट टेस्ट रिपोर्ट में पास व फेल का मार्क दर्शाया जाएगा।

### जमीन का सीमांकन कल

परिवहन विभाग को आबंटित जमीन खसरा नंबर 637/1, 637/4 रकबा 2.218, 4.047 हेक्टयर जमीन पर सोमवार को सीमांकन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इस दौरान राजस्व विभाग और परिवहन विभाग के अधिकारी मौजूद रहेंगें। परिवहन विभाग ने आपत्ति के लिए नियत तिथि में भूमि दस्तावेज प्रस्तुत करने का निर्देश जारी किया है।

### किया जाएगा सीमांकन

आटोमैटिक कम्प्यूटराईड ड्राइविंग टेस्ट टैक का निर्माण किया जाना है, इसे पहले जमीन पर कुछ अतिक्रमण है, इसे हटाने के लिए परिसर का सीमांकन किया जाएगा। करीब 2 एकड़ में ट्रैक और अन्य निर्माण कार्य किया जाएगा।

**–असीम माथूर,** आरटीओ, परिवहन विभाग

## संडे बाजार...



रविवार को रिवर व्यू में लगा संडे मार्केट, खरीददारी करने उमड़े लोग, देर रात तक सड़क पर लगा रहा जाम।

# उत्तरप्रदेश का ड्राइवर निकला मृतक

**बिलासपुर।** 24 दिन अथक प्रयास से आखिरकार पुलिस को तिफरा सब्जी मंडी की झाड़ियों में मिली अधजली लाश की पहचान करने में सफलता मिल गई है। मृतक यूपी का ड्राइवर था और वह गाड़ी चलाने के लिए एक माह से यूपी से निकला था।



■ तिफरा में मिली अधजली लाश की हुई पहचान

ज्ञात हो कि 7 नवंबर 2025 को तिफरा के लोगों को सब्जी मंडी के पास झाड़ियों में युवक की अधजली लाश दिखी थी। उसकी हत्या कर साक्ष्य मिटाने के लिए लाश जला दी गई थी। पुलिस ने मौके से कुछ कपड़ों के टुकड़े, जले हुए सामान जब्त किया था। सभी समानों को जांच के लिए फोरेंसिक लैब भेजा गया था। टीआई किशोर केंवट ने बताया, स्थानीय स्तर पर पहचान करने के लिए घटनास्थल के आसपास 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले गए। उसमें पहचान नहीं होने पर प्रदेश के थानों से 25 से 30 साल के लापता लोगों की जानकारी ली गई। इसके अलावा सोशल मीडिया के माध्यम से दूसरे प्रदेश में पहचान करने का प्रयास किया गया। उसके बाद भी मृतक की पहचान नहीं हो पाई। उसके बाद घटनास्थल पर उस समय का मोबाइल टावर लोकेशन डंप किया गया। उस दौरान करीब 250 मोबाइल नम्बर सामने आए। उसमें से करीब 17 से 18 दूसरे प्रदेश के बंद मोबाइल को निकालकर उसका कालडिटेल निकालकर परिजनों से संपर्क किया। 24 दिन अथक प्रयास के बाद शनिवार को मृतक की पहचान मुन्नर सेरिया नेवारी सोनभद्र उत्तर प्रदेश निवासी गोपाल प्रसाद के रूप में पहचान हुई। उसकी पत्नी ने कपड़ा व अन्य सामान देखकर पहचान की है।

### ड्राइवर था मृतक

पुलिस के अनुसार, मृतक पेशे से ड्राइवर था और 22 दिन पहले गाड़ी लेकर यूपी से निकला था। उसके दो बच्चे है। घटना के एक दिन पहले 6 नवंबर को अपनी पत्नी को फोन लगाकर 7 नवंबर को यूपी घर लौटने की बात कही थी। वह घर नहीं पहुंचा, किन्तु उनकी मौत की खबर पहले आ गई।

### शराब दुकान से खरीदा था पव्वा

शव को सूंघने के बाद सर्चडाग भागते हुए तिफरा सब्जी मंडी शराब दुकान गया था। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरा खंगाला तो मृतक एक पव्वा शराब खरीदकर अकेले जाते दिख रहा था। उसके बाद उसके बाद उसके साथ क्या हुआ इसका सुराग नहीं मिल पा रहा है।

### मृतक की पहचान हो गई

स्थानीय स्तर पर मृतक की पहचान नहीं होने पर लगाकर इलेक्ट्रानिक तथ्यों के माध्यम से पहचान का प्रयास किया जा रहा था। मोबाइल के माध्यम से मृतक की पहचान यूपी निवासी ड्राइवर गोपाल कुमार के रूप में की गई है। अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है। ।

**-निमितेश सिंह परिहार,** सीएसपी

बोईरपड़ाव का मामला: ईको पर्यटन आधारित रोजगार के अवसर उपलब्ध नहीं करा पाया

# वन विभाग नाकाम : अब नेचर कैंप की जिम्मेदारी समिति के हाथों में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वन मंडल बिलासपुर का बोईरपड़ाव में सबसे चर्चित रिसॉर्ट अब पूरी तरह से जर्जर हो गया है। इसे संवारने के लिए वन विभाग के पास पैसा नहीं है और शासन से भी किसी तरह की राशि नहीं मिल रही है। इसके कारण अब नेचर कैंप को नई तरह से बनाने और उसकी जिम्मेदारी गांव के समिति के हाथों में देने का निर्णय लिया गया है।

नेचर कैम्प वन विभाग की महत्वपूर्ण योजना है। कुछ प्रमुख वन मंडलों में नेचर कैम्प बनाने की योजना थी। जब इन वन मंडलों की सूची में बिलासपुर वन मंडल का नाम शामिल हुआ था तो इस बात की प्रसन्नता हुई कि विभाग पर्यटकों को एक बड़ी सौगात दे रहा है। बिलासपुर वन मंडल ने शहर से करीब 55 किलोमीटर की दूरी पर खोंदरा के बोइरपड़ाव में वर्ष 2013-14 में नेचर कैम्प का निर्माण कार्य किया। जंगल के बीचो बीच विभागीय अफसरों ने करीब 7 टेंट बनाए, जिसमें पर्यटकों के आराम के लिए बेड, खाने-पीने के लिए टेबल कुर्सियां, लाइट की भी सुविधा दी गई।

अस्तित्व में आने के बाद नेचर कैम्प पर्यटकों के बीच लोकप्रिय हो गया। इसकी वजह नेचर कैम्प के पीछे प्रकृति का भव्य नजारा था। घनघोर जंगल के बीच चट्टान और उसमें बहता पानी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र था। करीब 22 लाख रुपए से अधिक की लागत से बनाए गए नेचर कैम्प की अब न तो बुकिंग होती है और न ही पर्यटकों को इस क्षेत्र में सैर करने की अनुमति दी जाती है। जर्जर हो रहे नेचर कैम्प को संवारने के लिए वन विभाग बिलासपुर के अफसरों ने ईस्टीमेट और बजट बनाकर कई बार मुख्यालय को भेजा, लेकिन मुख्यालय ने बजट स्वीकृत के लिए किसी तरह की अनुमति नहीं दी। बजट के अभाव में विभाग नेचर कैम्प की मरम्मत भी नहीं करा रहा है। असुविधा और विभाग की बेवजह की सख्ती के कारण पर्यटक भी नेचर कैम्प से मुंह फेरने लगे हैं।



**गेट पर लगा दिया है ताला:** खोंदरा नेचर कैम्प को संभालने वाले पूर्व कर्मचारियों का कहना है कि विभाग मेंटनेंस से हाथ खींच चुका है। अब गेट पर ताला लगा रहता है, जिसकी वजह से प्रतिदिन पर्यटक मायूस लौटते हैं। पर्यटकों के नहीं होने और मेंटनेंस के अभाव में नेचर कैम्प उजाड़ नजर आ रहा है। चारों ओर झाड़ियां और टेंट का बुरा हाल है। तेज आंधी से टेंट उड़ सकते हैं। टेंट के अंदर बिछाए कारपेट खराब हो गए हैं और दरवाजे के चेन नहीं लग रहे हैं।

**पहुंच मार्ग उबड़ खाबड़:** आरक्षित जंगल होने की वजह से वन विभाग नेचर कैम्प जाने के लिए बनी सड़क को नहीं बना सकता है। नेचर कैम्प जाने वाली सड़क ऐसी है कि मेन रोड से जंगल होते हुए टेंट तक 1 किलोमीटर का रास्ता पार करने में पर्यटकों को एक घंटे से अधिक का समय लग जाता है। उबड़ खाबड़ रास्ते को विभागीय अफसर बनाना नहीं चाहते हैं। वहीं एटीआर और कानन पेण्डारी जू दोनों जगह मिट्टी व मुरूम की सड़क पर पर्यटक आसानी से पहुंचकर भ्रमण का लुत्फ उठाते हैं।

### उद्देश्य नहीं हो सका पूरा

नेचर कैम्प बनाने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को पर्यावरण व वनों के महत्व से अवगत करना, प्रकृति के संरक्षण व संवर्धन के प्रति रूचि जागृत करना और स्थानीय वनवासियों को ईको पर्यटन आधारित रोजगार से अवसर उपलब्ध कराना था। 10 साल बाद भी इसका उद्देश्य पूरा नहीं हो पाया। किसी भी स्कूल के छात्रों का कैंप यहां नहीं लगा और न ही उन्हें पर्यावरण की जानकारी दी गई।

### समिति करेगी संचालन

बोईरपड़ाव का नेचर कैंप की हालत काफी खराब हो चुकी है। इसे संवारने के लिए कई बार बजट की मांग भी की गई है। अब नेचर कैंप को समिति को देने का निर्णय लिया गया है। समिति इसको संवारने के साथ संचालन भी करेगी, जिससे समिति के सदस्यों को रोजगार भी मिल सकेगा। यह कार्य जल्द ही पूरा किया जाएगा।

**–नीरज कुमार,** डीएफओ, वन मंडल बिलासपुर

# क्रशर प्लांट में चोरी करने वाले चोर समेत खरीदार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज : अकलतरा



अकलतरा पुलिस के द्वारा ग्राम किरारी तरौद स्थित क्रशर प्लांट में लगे केबल की चोरी के मामले में मुख्य आरोपी सहित चोरी का समान खरीदार को गिरफ्तार किया है।

इस संबंध में यह जानकारी मिली कि प्रार्थी मुकेश कुमार जैन निवासी अकलतरा के द्वारा थाना अकलतरा में किरारी स्थित क्रेशर प्लांट में लगे केबल तार, सर्विस तार ,तांबा तार करीबन 400 मीटर एवं अन्य 05 क्रशर संचालकों के क्रशर में लगे कुल 1520 मीटर केबल को 25-26 नवंबर के दरम्यानी रात में अज्ञात चोर चोरी कर ले जाने के संबंध में थाना अकलतरा में रिपोर्ट दर्ज कराने पर धारा 303 (2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना दौरान प्रकरण में मुखबीर से सूचना मिला कि किरारी में रहने वाला पुराना आदतन चोर राजेन्द्र साहू पिता बैशाखू साहू उम्र 21 वर्ष निवासी किरारी के द्वारा दिनांक 25-2 नवंबर के दरम्यानी रात को किरारी के आसपास के क्रेसर प्लांट में घूम रहा था जिसे अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया जो 6 अलग अलग क्रेशर प्लांट में लगे तार को चोरी करना स्वीकार किया एवं पूछताछ पर जलाया हुआ तांबा तार को शेख रिजवान उम्र 19 साल निवासी कटघोरा जिला कोरबा के पास बेचना बताया साथ ही जला हुआ तांबा तार बेचने से प्राप्त रुपए को नया कपड़ा पेंट शर्ट खरीदा एवं खापीकर खर्च कर दिया। शेख रिजवान निवासी कटघोरा कोरबा से पूछताछ पर जला हुआ तांबा तार 20 किलोग्राम बरामद किया जाकर आरोपी राजेंद्र साहू एवं शेख रिजवान के विरुद्ध धारा 303 (2) बीएनएस के तहत कार्यवाही कर विधिवत गिरफ्तार न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### 8 लाख रुपए दिलाने का झांसा देकर फर्जी वकील बनकर एक लाख रुपए की धोखाधड़ी

**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम खोखरा निवासी एक व्यक्ती के पत्नी की करेंट से मृत्यु हो गई। इस मामले में 8 लाख रुपए दिलाने का झांसा देकर वकील होने की बात कहते हुए 1 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने वाले पवन चतुर्वेदी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग पीड़ित ने थाना प्रभारी व पुलिस अधीक्षक से की है। थाना प्रभारी के नाम सौंपे शिकायत पत्र के माध्यम से खोखरा निवासी प्रेमलाल यादव पिता बईहा यादव ने बताया कि उसकी पत्नी लच्छन बाई की मृत्यु बिजली करेंट से 23 जुलाई 2023 को हो गई। गांव के ही पवन चतुर्वेदी उसके घर आया और वकालत करने की बात कहते हुए पत्नी की मृत्यु करेंट से होने के मामले में 8 लाख रुपए दिलाने की बात कही। इसके एवज में उसने दो किस्त में 1 लाख रुपए प्रार्थी से लिए। पैसे देने के बाद काम नहीं होने पर प्रार्थी प्रेमलाल ने पवन चतुर्वेदी से मिलकर 8 लाख रुपए दिलाने व कागजात वापस करने की मांग की। तब उसने फिर से इधर उधर की बात कहते हुए टालमटोल करने लगा। कोतवाली थाना प्रभारी के नाम सौंपे शिकायत पत्र में प्रेमलाल ने बताया कि गांव वालों से उससे पता चला है।

### आरपीएफ ने पकड़ा कोयला चोर

**बिलासपुर।** आरपीएफ ने कोयला चोरी कर फरार हो रहे आरोपी को पकड़कर कार्रवाई की है। उपनिरीक्षक एसबी सिंह, सीटी बी रॉय, बी नागले यार्ड बायपास के पास पेट्रोलिंग कर रहे थे। इस दौरान मिनीमाता सिविल लाइन निवासी फिरोज खान उर्फ फज्जू पिता शेर खान 22 साल के पास बोरी में रखा कोयला मिला, जिसे वह खड़ी मालगाड़ी से चोरी कर ले जा रहा था। आरपीएफ ने फिरोज खान से कोयला जब्त करने के बाद आरपीयूपी एक्ट 3 ए के तहत कार्रवाई की है।

# आठ साल बाद पकड़ा गया रेल संपत्ति चोरी का स्थायी वारंटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आठ साल पहले रेल संपत्ति चोरी के मामले में पकड़े गए आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया था, जहां से वह फरार हो गया था। न्यायालय के आदेश मिलने के बाद आरपीएफ की टीम ने स्थायी वारंटी को उसके निवास से गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार रेल संपत्ति चोरी के मामले में एक आरोपी सिरगिट्टी नयापारा निवासी संतोष यादव पिता स्वर्गीय धन्नूलाल 37 साल को पकड़कर रेलवे न्यायालय में पेश किया गया था। कोर्ट से जमानत पर छूटने के बाद उसने पेशी में जाना बंद कर दिया और फरार हो गया था। न्यायालय ने आरोपी संतोष यादव को तत्काल पकड़ने का आदेश रेलवे सुरक्षा बल को दिया। कोर्ट से आदेश मिलने के बाद आरपीएफ की टीम आरोपी की तलाश कर रही थी। आठ साल के बाद आरपीएफ को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी बुधवारी बाजार महेश होटल के पास घूम रहा है। सूचना मिलने के बाद बिलासपुर आरपीएफ पोस्ट के प्रभारी निरीक्षक नंद बहादुर के मार्गदर्शन में सहायक उपनिरीक्षक बीएस पटेल, प्रधान आरक्षक एसके पाटिल ने तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थायी वारंटी के आरोपी को गिरफ्तार किया, जिसकी सूचना उसके परिजन को भी दी गई। आरपीएफ ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।




### परिचित बनकर महिला से 7 लाख 94 हजार रुपए की आनलाइन ठगी

**बिलासपुर।** एक महिला को फोन कर उनका परिचित बनकर एटीएम कार्ड, आधार कार्ड की गोपनीय जानकारी लेकर 7 लाख 94 हजार रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।

सिविल लाइन टीआई एसआर साहू ने बताया कि मिशन हास्पिटल के सामने अकबर चाल निवासी कमलेश टण्डन पति मधुप टण्डन भोपाल में एफसीआई में काम करने के दौरान एचटी चेलानी से जान पहचान थी। विगत दिनों उनके मोबाइल पर अनजान मोबाइल नम्बर से फोन कर अपने आपको एचटी चेलानी बताते हुए पैसे की मांग की गई। श्रीमती टण्डन ने 3 बार में फोन पे माध्यम से उनके बताए गए बैंक खाते हु 2 लाख 94 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिया। उसके बाद मोबाइलधारक ने पैसा लौटाने की बात कहते हुए उनसे एटीएम कार्ड, आधारकार्ड की गोपनीय जानकारी ले ली। उसके बाद उनके बैंक से पैसा ट्रांसफर कर लिया। श्रीमती टण्डन से कुल 7 लाख 94 हजार रुपए की ठगी की गई है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर मोबाइलधारक एचटी चेलानी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### 29 अनाधिकृत वेंडर से 80 हजार का जुर्माना

**बिलासपुर।** स्टेशन एवं गाड़ियों में यात्रियों को उपलब्ध कराई गई खानपान की गुणवत्ता को बरकरार रखने तथा उसमें लगातार सुधार लाने वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह के मार्गदर्शन में मंडल वाणिज्य विभाग गाड़ियों व प्रमुख स्टेशन में अनाधिकृत वेंडरों की रोकथाम हेतु नियमित रूप से खानपान जांच अभियान चला रही है। इसके तहत अनाधिकृत वेंडरों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने मंडल वाणिज्य प्रबंधक एस भारतीयन के नेतृत्व में वाणिज्य निरीक्षक, वाणिज्य पर्यवेक्षक व टीम ने अभियान के दौरान 29 अनाधिकृत वेंडरों को पकड़ा, जिनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करते हुए 80 हजार 460 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया।

## खबर संक्षेप

### बालको टाउनशिप इंग्लिश मीडियम स्कूल में मनाया गया वार्षिकोत्सव

**कोरबा।** बालको टाउनशिप इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं की शानदार प्रस्तुतियों और उनकी बहुमुखी प्रतिभा ने पूरे कार्यक्रम को अविस्मरणीय बना दिया। समारोह में महापौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के परेड दल द्वारा महापौर को आकर्षक मार्च-पास्ट के साथ सलामी देने से हुई। मां सरस्वती की आरती और दीप प्रज्वलन के साथ समारोह का औपचारिक शुभारंभ हुआ। महापौर ने कहा कि यह संस्था नर्सरी से कक्षा 12वीं तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रही है, जहाँ विज्ञान, गणित और वाणिज्य जैसे विषयों का उत्कृष्ट अध्यापन होता है। उन्होंने उल्लेख किया कि विद्यालय के अनेक विद्यार्थी आज विभिन्न उच्च पदों पर कार्यरत हैं, जो स्कूल के समर्पण और गुणवत्ता का प्रमाण है। महापौर ने यह भी कहा कि बालको इंग्लिश मीडियम स्कूल खेल के क्षेत्र में भी जिले का गौरव बढ़ा रहा है। राष्ट्रीय स्तर पर विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन ने विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा खेल मैदान की बाउंड्री वॉल निर्माण का प्रस्ताव रखा गया, जिस पर महापौर ने आश्वासन दिया कि वे इस विषय पर बालको प्रबंधन से शीघ्र चर्चा कर समाधान का प्रयास करेंगी।

### जरूरतमंदों की सेवा में सदैव तत्पर मानव सेवा मिशन

**कोरबा।** जिले में पड़ रहे कड़कड़ाते ठंड में मानवता की मिशाल प्रस्तुत करते हुए मानव सेवा मिशन के सदस्य लगातार कंबल वितरण कर रहे हैं। संस्था के द्वारा ना सिर्फ शहरी क्षेत्रों के जरूरतमंद बेघर, बेसहारा और घुमंतु लोगों को कंबल वितरण किया जा रहा है बल्कि जंगलों में निवासरत पहाड़ी कोरवा जनजाति के लोगों को भी उनके गांव जाकर कंबल प्रदान किया जा रहा है। संस्था के द्वारा अपने कम्बल वितरण अभियान के तीसरे चरण में सतरेंगा रोड पर निवासरत पहाड़ी कोरवा ग्राम टोंकाभांटा एवं बाघमारा में जाकर सभी परिवारों को कंबल प्रदान किया गया जिसे प्राप्त कर सभी परिवारों ने खुशी जाहिर की और संस्था के द्वारा पिछले छः सालों से चलाए जा रहे अभियान के लिए संस्था के सदस्यों का धन्यवाद दिया। सेवा कार्य में मानव सेवा मिशन के केशव चन्द्रा, अमर पटेल, संजय विजय, अशोक पटेल, मनोज सिंह, योगेश पटेल, लिलेश्वर शर्मा, पीतमलाल सोमनकर, दीप बनर्जी, राम सहाय पटेल, महिला सदस्य माधुरी चन्द्रा, उमा पटेल, सुषमा सिंह, स्मिता पटेल, सुमन बनर्जी, छोटे बच्चे प्राजक्ता, छायांक, अनन्या, दिव्यांशु, श्रेयस, निशांक, पारुल, आरवी, अबीर उपस्थित रहे।

### अशासकीय विद्यालय संघ दीपका में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता

**कोरबा।** अशासकीय विद्यालय संघ दीपका में 2 दिवसीय खेल कूद महाकुंभ का आयोजन किया गया। जिसमें दीपका क्षेत्र के समस्त अशासकीय विद्यालय के बच्चों ने विभिन्न विधाओं में (3 श्रेणियां) प्राथमिक ,माध्यमिक, तथा हाई स्कूल श्रेणी के बच्चों ने भाग लिया। कलचुरी हायर सेकेण्डरी स्कूल, सर्वमंगला विद्यालय हाईस्कूल, राधेय विद्यापीठ हाई स्कूल, छत्तीसगढ़ पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल, ईस्ट प्वाइंट हाई स्कूल, रामकृष्ण पब्लिक स्कूल, ज्ञान विज्ञान पब्लिक स्कूल तथा सरस्वती ज्ञान मंदिर दीपका ने भाग लिया। अपने-अपने बच्चों का खेलकूद देखने आए पालकों ने इस आयोजन की खूब प्रशंसा किए। इस अवसर पर 28 नवंबर को प्रातः 9 बजे उद्घाटन समारोह में आदरणीय राजेंद्र सिंह राजपूत नगर पालिका अध्यक्ष दीपका के आतिथ्य में विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती संगीता साहू पार्षद श्रीमतीज्योति तिवारी, रजनीश तिवारी शामिल रहे। 29 नवंबर को समापन समारोह के मुख्य अतिथि अक्षय कुमार दुबे अध्यक्ष प्राइवेट स्कूल यूनियन जिला कोरबा, विशिष्ट अतिथि थाना दीपका से राजेंद्र सिंह, मनोज कुमार गुप्ता, समाजसेवी हिमांशु देवांगन, नरेश केंवट ( क्रीड़ा प्रभारी,) धर्मेंद्र डहरवाल, संजय कुमार अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

### ब्लू निब प्रोजेक्ट का हुआ शुभारंभ

**कोरबा।** ब्लू निब पिरामल फाउंडेशन की ओर से सीनियर प्रोग्राम डायरेक्टर संजय जी ने रविवार को जिले में ब्लू निब प्रोजेक्ट का औपचारिक शुभारंभ किया। कार्यक्रम में जिले के राजेश कुमार मिश्रा, दिबन्दू, कुश कुमार, प्रतिमा सरकार, संगम दुबे, गणेश राम सूर्यवंशी, भोला केवट और नरेंद्र राठौर उपस्थित रहे। साथ ही पिरामल फाउंडेशन की टीम से मंशु शुक्ला, ऋचा साहू, नीलू पटेल और पल्लवी पंकज ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर संजय जी ने समाधान आधारित पत्रकारिता की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए प्रोजेक्ट की दृष्टि, कार्यप्रक्रिया और मीडिया सहभागिता योजना साझा की। उन्होंने कहानी निर्माण की पिरामिड संरचना चुनौती, नायक और समाधान का उल्लेख करते हुए कहा कि पत्रकारिता का उद्देश्य केवल समस्याएँ उजागर करना नहीं, बल्कि समाधान की ओर मार्गदर्शन करना भी है। मीडिया प्रतिनिधियों ने संयुक्त फील्ड विज़िट और सकारात्मक, समाधान केंद्रित कहानियों के निर्माण में सहयोग देने की इच्छा जताई। संजय जी ने कहा कि कोरबा में ब्लू निब प्रोजेक्ट का शुभारंभ होना मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा है। उन्होंने जिला टीम और पिरामल फाउंडेशन के समन्वित प्रयासों की सराहना की।

## विद्यार्थियों के सुनहरे भविष्य निर्माण का लिया संकल्प

# सिमगा में पालक-बालक-शिक्षक सम्मेलन में शिक्षा की अलख जगाने जुटे सैंकड़ों ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पोड़ीउपरोड़ा ब्लॉक के अंतिम छोर पर बांगो डूबान क्षेत्र के वनांचल ग्राम स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिमगा में 28 नवम्बर को शिक्षा की अलख जगाने सैकड़ों ग्रामवासी, पालक, शिक्षकगण, युवाजन, छात्र-छात्राएं त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था के जनप्रतिनिधियों के साथ पालक-बालक-शिक्षक सम्मेलन में एकजुट हुए और विद्यार्थियों के सुनहरे भविष्य निर्माण का संकल्प लिए।

शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल सिमगा के प्राचार्य सतीश प्रकाश सिंह की प्रेरणा और पहल से विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों तथा क्षेत्र के युवाओं के भविष्य को दृष्टिगत कर उनके कैरियर निर्माण के लिए मार्गदर्शन प्रदान करने विभिन्न विभागों तथा संस्थानों के विषय विशेषज्ञ तथा काउन्सलिंग एक्सपर्ट्स द्वारा कैरियर ग़ाईडेन्स काउन्सलिंग कार्यशाला आयोजित की गई। साथ ही छात्र-छात्राओं के शैक्षिक विकास और उन्नति के लिए "पालक-बालक-शिक्षक सम्मेलन" सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। ऋक्षेत्र में पहली बार आयोजित हुए शिक्षा सम्मेलन में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के साथ उनके पालक और ग्रामवासी एकजुट हुए तथा अपने बच्चों के सुनहरे भविष्य निर्माण के लिए संकल्प लिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. पवन सिंह अध्यक्ष जिला पंचायत कोरबा ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए विद्यार्थियों को अपने जीवन में शिक्षा पूरी कर अपने पसंदीदा कैरियर को चुनकर अपने भविष्य का निर्माण करने को प्रेरित किये। उन्होंने विद्यार्थियों,पालकों तथा ग्रामवासियों से शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने को कहा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित विद्वान सिंह मरकाम जिला पंचायत सदस्य ने पालकों को अपने बच्चों की शिक्षा में विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित किये। कार्यक्रम में श्रीमती माधुरी देवी तंवर, भारत सिंह सिदार, प्राचार्य सतीश प्रकाश सिंह सहित बड़ी संख्य में छात्र छात्राएं एव अभिभावक उपस्थित थे।



कार्यक्रम में शामिल पालक, बालक एवं शिक्षक।

# केवी एनटीपीसी के विद्यार्थियों का नेशनल यूथ पार्लियामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन, अब जाएंगे दिल्ली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केंद्रीय विद्यालय नंबर 2 एनटीपीसी कोरबा के 8 होनहार बच्चों ने जिले को गौरवान्वित किया है। उन्होंने वाराणसी (उत्तरप्रदेश) में आयोजित नेशनल लेवल यूथ पार्लियामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर चतुर्थ स्थान हासिल किया है। विद्यालय से चयनित विद्यार्थी अब राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में संसद भवन के भ्रमण पर जाने चयनित हुए हैं।

वाराणसी में आयोजित इस नेशनल यूथ पार्लियामेंट में केंद्रीय एनटीपीसी में चौथी रैंक आई है। जिनमें अंशिका तिवारी, भावना जांगड़े, सोनम बरेठ, मनन उपाध्याय, नीलाक्षी यादव, अक्षय वैष्णव, प्रतिभा करकेट्टा और संजना अग्रवाल शामिल हैं। इन बच्चों को देश के गौरव के प्रतीक संसद भवन जाने का सुनहरा मौका हासिल किया है। प्राचार्य एसके साहू के दिशा निर्देश, शिक्षिका साक्षी गुप्ता, शिक्षक अस्मित कुमार, मीनाक्षी शर्मा, नलिनी धर दुबे व सौरभ आनंद का मार्गदर्शन रहा। प्राचार्य सुनील कुमार साहू ने कहा कि युवा संसद प्रतियोगिता बच्चों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, वक्तृत्व शैली, अभिव्यक्ति की स्पष्टता, भाषा शैली की परिपक्वता तथा लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास होता है। संसदीय प्रणाली क्या है और उसके क्या-क्या लाभ है। देश के विकास में उसकी क्या भूमिका है इसका संपूर्ण ज्ञान बच्चों को हो पाता है। आज के बच्चे ही देश का भविष्य होते हैं, उनमें आज से ही संसदीय प्रणाली लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास और व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन अत्यंत महत्वपूर्ण है।




यूथ पार्लियामेंट में शामिल प्रतिभागी।

# श्याम महोत्सव में डूबे रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

श्री श्याम दीवाने मित्रमंडल बांकीमोंगरा द्वारा मैठाणी वाटिका में श्री श्याम महोत्सव का भव्य आयोजन धूमधाम से किया गया। देर रात तक चलने वाले इस आध्यात्मिक एवं भक्तिपूर्ण कार्यक्रम में खाटू वाले श्री श्याम के हजारों भक्त शामिल हुए और भक्ति रस में सराबोर होते रहे। महोत्सव में देशभर से आए ख्याति प्राप्त भजन गायक कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से माहौल को भक्तिमय बना दिया। जयपुर से आई रजनी राजस्थानी, तिल्दा नेवरा से आए भजन गायक आयुष सोमानी, तथा लोकप्रिय भजन गायक टीनू शर्मा ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए। उनकी सुरीली आवाज़ और भावपूर्ण भक्ति गीतों ने कार्यक्रम में ऐसी शमा बांधी कि देर रात तक उपस्थित श्रद्धालु झूमते रहे। कड़ाके की ठंड के बावजूद सैकड़ों भक्तगण रात्रि देर तक महोत्सव स्थल पर डटे रहे और भक्ति की गंगा में डूबे रहे। पूरा कार्यक्रम श्याम नाम के जयकारों से गूंजता रहा। भक्तों ने दीप प्रज्वलित कर भगवान श्री श्याम के समक्ष आस्था व आराधना व्यक्त की। श्री श्याम दीवाने मित्रमंडल के सदस्यों ने बताया कि यह महोत्सव वर्षों से लगातार आयोजित किया जा रहा है और हर वर्ष भक्तों की संख्या बढ़ती जा रही है। उनका उद्देश्य समाज में भक्ति, सद्भाव और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण को बढ़ावा देना है।



# सरस्वती शिशु मंदिर ढेलवाडीह में मातृ सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान के तत्वावधान में सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ढेलवाडीह के द्वारा 29 नवंबर को जागृति क्लब बगदेवा कॉलोनी ढेलवाडीह में विशाल सप्त शक्ति संगम मातृ सम्मेलन कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम नारी सशक्तिकरण, सामाजिक समरसता, परिवार निर्माण, नागरिक कर्तव्य नैतिक मूल्य आदि महत्वपूर्ण विषय पर यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि गायत्री परिवार युवा संगठन दिया।

छत्तीसगढ़ विस्तारक कुसमुंडा कोरबा से कु. सविता साहू, प्राचार्य बीकन इंग्लिश स्कूल ढेलवाडीह मीना शर्मा, अतिथि ग्राम सरपंच कौशिल्या कंवर, सचिव जागृति महिला मंडल ज्योति दीवान एवं महिला मंडल उपाध्यक्ष निशा पांडेय, कार्यक्रम संयोजक सुनीता पैकरा आदि अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। छत्तीसगढ़ विस्तारक कु. सविता साहू ने संदेश देते हुए कहा कि हम सभी महान आदर्श भारतीय संस्कृति को मानने वाले और जीने वाले हैं जहां आदर्श जीवन शैली आदर्श चरित्र हमारी पहचान है। आज समय की मांग है कि नारी अपने गौरव और शक्ति को पहचानें और राष्ट्र निर्माण में योगदान प्रदान करें उन्होंने आगे कहा कि समाज में ऊंच नीच जाति भेदभाव को दूर कर समानता, स्नेह , समन्वय सहकार आत्मीयता का समाज में विस्तर करते हुए वसुधैव कुटुंबकम के सनातन भाव को चरितार्थ करते हुए नवयुग के निर्माण में हम सभी को योगदान देना चाहिए। अंत में उन्होंने कहा कि अच्छा होना पर्याप्त नहीं अच्छाई और भलाई जीवन में दिखने भी चाहिए।



अतिथि का स्वागत करते हुए।

# झूठे आश्वासनों से त्रस्त भूविस्थापित महिलाएं आज करेंगी अनिश्चितकालीन घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल कुसमुंडा परियोजना से प्रभावित भूविस्थापित महिलाओं ने रोजगार, बसाहट और अन्य लंबित मांगों को लेकर कंपनी और जिला प्रशासन के झूठे आश्वासनों से तंग आकर 1 दिसंबर को एक बड़े और निर्णायक आंदोलन की घोषणा की है। भूविस्थापित महिलाओं के समूह, जिसमें गोमती, केवट, काजल, इन्द्रा, सरिता टिकैतराम बिंझवार, पूनम और मीना कंवर जैसी प्रतिनिधि शामिल हैं। ज्ञापन में भूविस्थापित महिलाओं ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी समस्याओं का ठोस समाधान और निराकरण नहीं किया जाता तब तक वे एसईसीएल कुसमुंडा के मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय के मुख्य द्वार (दोनों गेट) को जाम कर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेंगी ।

महिलाओं ने बताया कि उन्होंने पूर्व में भी 17 नवंबर को एसईसीएल कुसमुंडा कार्यालय पर गेट जाम आंदोलन किया था उस समय दर्री तहसीलदार ने स्वयं मौके पर पहुंचकर हस्तक्षेप किया था और यह लिखित आश्वासन दिया था कि 21 नवंबर को बैठक आयोजित कर सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। हम कई बार गेट जाम, खदान बंद और ऑफिस दफ्तर के चक्कर लगाते-लगाते थक चुके हैं। एसईसीएल और जिला प्रशासन के अधिकारियों के झूठे आश्वासन से हम त्रस्त हो गए हैं 21 नवंबर को बैठक और समाधान का वादा किया गया था लेकिन वह भी एक और छलावा साबित हुआ अब जब तक समाधान व निराकरण नहीं किया जाएगा हम गेट को नहीं छोड़ेंगे। पात्र भूविस्थापितों को तत्काल निराकरण कर रोजगार देना सुनिश्चित किया जाए, समुचित और सम्मानजनक बसाहट की व्यवस्था देना होगा अन्य सभी लंबित मांगों का समयबद्ध निराकरण करने को सुनिश्चित किया जाए। भूविस्थापित महिलाओं ने इस आंदोलन को एसईसीएल और प्रशासन की उदासीनता और संवेदनहीनता के विरुद्ध अंतिम लड़ाई बताया है उन्होंने चेतावनी दी है कि इस आंदोलन से उत्पन्न होने वाली किसी भी अप्रिय स्थिति या कोयला उत्पादन में बाधा की पूरी जिम्मेदारी एसईसीएल प्रबंधन और जिला प्रशासन की होगी ।



धरना प्रदर्शन का ज्ञापन सौंपते महिलाएं।

# मनोज फिर बने कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष मनोज चौहान को एक बार फिर जिला ग्रामीण अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश में कुल 11 जिलों में वर्तमान जिलाध्यक्षों को पुनः मौका दिया है जिनमें कोरबा जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चौहान भी शामिल हैं। उनके दोबारा ग्रामीण जिलाध्यक्ष बनने पर कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है।



मनोज चौहान

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव के सी वेणुगोपाल राव ने 41 जिला अध्यक्षों की सूची जारी की है। इस सूची में 30 जिलों में नये अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं 11 जिलों में वर्तमान जिला अध्यक्षों को पुनः मौका दिया है। कोरबा ग्रामीण में मनोज चौहान को एक बार फिर जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। मनोज चौहान को इसी वर्ष 8 माह पहले मार्च माह में कोरबा ग्रामीण क्षेत्र की जिम्मेदारी दी गई थी। कुछ माह के कार्यकाल में मनोज चौहान ने ग्रामीण क्षेत्र के रामपुर, कटघोरा एवं पाली तानाखार विधानसभा में लगातार सक्रिय रहे और पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से मिलते रहे। प्रदेश कांग्रेस एवं एआईसीसी के निर्देशों का जवाबदेही से निर्वहन करते रहे। जिसके फलस्वरूप मनोज को कोरबा ग्रामीण हेतु पुनः मौका दिया गया है। वहीं कोरबा शहर अध्यक्ष नत्थुलाल यादव की जगह मुकेश कुमार राठौर को जिम्मेदारी दी गई है। कांग्रेस संगठन में मुकेश राठौर को निगम में पांच वर्ष नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी भी दिया था। मुकेश राठौर को शहर कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जाने पर कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और समर्थकों में हर्ष व्याप्त है। पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल और सांसद ज्योत्सना महंत ने शुभकामनाएं देते हुए संगठन में नई उर्जा और मजबूत नेतृत्व और सबको साथ लेकर चलने को कहा है।

### शहर जिलाध्यक्ष ने पूर्व मंत्री का जताया आभार



जिला कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्त होने पर मुकेश राठौर ने पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल से सौजन्य मुलाकात कर आभार जताया है। जयसिंह अग्रवाल ने श्री राठौर को पार्टी द्वारा सौंपी गई नई जिम्मेदारियों के लिए बधाई दी है। इस दौरान पार्षद रवि चंदेल, कुंज बिहारी साहू, कन्हैया राठौर, शशि पटेल, तोपचंद बैरागी, समीर खूंटे, रिखीराम श्रीवास. संतोष राठौर, तेरस राम, शेरसिंह, धरम साहू, शंकर पटेल, कौशल प्रसाद साहू आदि उपस्थित रहे। पूर्व मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा है कि मुकेश राठौर बहुत ही अनुभवी व्यक्ति हैं जो अनेक बार पार्षद रहते हुए कोरबा निगम में नेता प्रतिपक्ष की महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं।

# रासेयो चैतमा ने चलाया एसआरआई पर जनजागरूकता अभियान




हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना चैतमा अटल बिहारी वाजपेयी विश्विद्यालय बिलासपुर डॉ मनोज सिन्हा समन्वयक, प्रो वाय के तिवारी जिला संगठक, चंद्राणी सोम प्राचार्य संरक्षक के निर्देश पर वीरेंद्र कुमार बंजारे कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन सहयोगी शिक्षक चंद्रमुखी साहू, मुरारी धीवर के सहयोग से स्वंय सेवकों ने ग्राम पंचायत चैतमा बुधवारी बाजार में एसआईआर पर जनजागरूकता रैली निकाल कर मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए लगातार विभिन्न ग्राम पंचायत डोडकी, बम्हनी, गोदग्राम कुटेलमूढा में चित्रकला, नुक्कड़ नाटक, स्लोगन के साथ जागरूकता अभियान चलाया। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है, जहाँ चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और विश्वसनीय बनाए रखने के लिए समय–समय पर मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण किया जाता है। एस.आर.आई. अभियान में नागरिकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। हर नागरिक को चाहिए कि वह अपने नाम की पुष्टि करे और यदि कोई त्रुटि मिले, तो संशोधन फॉर्म भरकर सुधार कराए। नए मतदाताओं विशेष रूप से 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं को अपना पंजीकरण अवश्य कराना चाहिए।

## पृष्ठ 1 का शेष

### विकासखंड में...

ने स्टेडियम तैयार करने हेतु जमीन चिन्हांकित की है। इसी तरह पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड में भी स्टेडियम हेतु जमीन चिन्हांकित की गई है किंतु तीन अन्य ब्लाक में अब तक जमीन नहीं होने की समस्या सामने आने के बाद विभाग के सामने दिक्कते खड़ी हो गई हैं।

### एनकेएच में वॉकथॉन....

सचिन विश्वकर्मा सहित डॉक्टर, जनप्रतिनिधि, व्यवसायी, छात्र एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में माउथ कैंसर से उबर रहे अशोक राठौर को नशा मुक्ति जागरूक नागरिक के रूप में सम्मानित किया गया। साथ ही 83 वर्षीय श्याम मरकाम, जिन्होंने पूरे उत्साह के साथ शुरुआत से समापन तक वॉकथॉन में सहभागिता निभाई, को भी विशेष सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में स्वस्थ जीवन की ओर कदम नशा मुक्ति जागरूकता की शपथ ली गई।

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज

नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यंत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

### शपथ पत्र

विकास सिंह, उम्र लगभग 48 वर्ष पिता स्व.उमा शंकर सिंह निवासी शांति नगर हाउसिंग बोर्ड बालको कोरबा (छग) एवं आनंद कुमार सिंह उम्र लगभग 45 वर्ष पिता स्व. उमा शंकर सिंह निवासी शांति नगर हाउसिंग बोर्ड बालको नगर कोरबा (छग) के होकर निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करते है :-

01. यह कि दिनांक 01.01.2020 को विवेक सिंह उम्र लगभग 40 वर्ष पिता श्री स्व. उमा शंकर सिंह, निवासी शांति नगर हाउसिंग बोर्ड बालको कोरबा (छ ग), को फर्म विवेक कंस्ट्रक्शन पता C-17, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी बालको नगर कोरबा जिला कोरबा छग में भागीदारी फर्म बनाया गया है।

02. यह कि, उक्त फर्म से उमा शंकर सिंह के स्वर्गवास उपरांत दिनांक 01.04. 2024 को निष्पादित सप्लिमेंट्री पार्टनरशिप डीड के माध्यम से रिटायर हो गए है तथा उमाशंकर सिंह द्वारा फर्म से निकलते समय अपने साथ फर्म की कोई भी चल एवं अचल सम्पति साथ नहीं ले जाया गया है और न ही उन्हें कोई फर्म की चल एवं अचल सम्पति प्रदान किया गया है।

03. यह कि यह शपथपत्र हमारे द्वारा अपने उपरोक्त कथन के समर्थन में निष्पादित किया गया है।

हम शपथकर्तागण यह सत्यापित करते है कि इस शपथपत्र की कंडिका 1 से 3 तक की जानकारी सत्य एवं सही है।

**शपथकर्ता**
**विकास सिंह**
**आनंद कुमार सिंह**

### शपथ पत्र

मैं कलेश्वर प्रसाद पटेल, पिता श्री तेरस राम पटेल, उम्र 43 वर्ष निवास-बेलाकछार बालको जिला कोरबा का होकर निम्नलिखित कथन सत्यापित करता हैः-

01. यह कि मेरा पुत्र विनित कुमार पटेल का प्रवेश दिल्ली पब्लिक स्कूल बालकी में कक्षा प्रेप 1 में करवाया था, प्रवेश के समय छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र के पंजीकरण क्र. 553 दिनांक 01/07/2021-22, को जमा किया था। जिसमें मेरा नाम श्री कलेश्वर पटेल (KALESHWAR PATEL) एवं मेरी पत्नी का नाम श्रीमति कलेश्वरी पटेल (KALESHWARI PATEL) दर्ज था।

02. यह कि, उपरोक्त जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर अभी तक दिल्ली पब्लिक स्कूल बालको के सभी दस्तावेजों में मेरे पुत्र का नाम दर्ज किया गया है।

3. यह कि मैंने अपने पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में आवश्यक संशोधन करवा लिया है और संशोधित जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार मेरा नाम कलेश्वर प्रसाद पटेल (KALESHWAR PRASAD PATEL) और मेरी पत्नी का नाम कलेश्वरी पटेल (KALESHVRI PATEL) है जिसे मैं दिल्ली पब्लिक स्कूल बालको के रिकॉर्ड में दर्ज कराना चाहता हूँ।

4. यह किं. (पूर्व नाम) श्री कलेश्वर पटेल (KALESHWAR PATEL) एवं मेरी पत्नी श्रीमती कालेश्वरी पटेल (KALESHWARI PATEL) एवं (नया नाम) कलेश्वर प्रसाद पटेल (KALESHWAR PRASAD PATEL) और मेरी पत्नी कलेश्वरी पटेल (KALESHVRI PATEL) एक ही व्यक्ति का नाम है।

5. यह कि यह शपथपत्र मेरे पुत्र के नए जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार नया नाम दर्ज करने के संबंध में दिल्ली पब्लिक स्कूल बालको में प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**
**कलेश्वर प्रसाद पटेल**

### न्यायालय तहसीलदार हरदीबाजार जिला कोरबा ( छ.ग.)

**ईश्तहार**

**प्र.क 202305015320049/63/अ.6अ./2022-23/ब.121/2025-26 ग्राम-हरदीबाजार पहनं 15**

आशीष कुमार देवांगन पिता तुलसीराम जाति देवांगन साकिन हरदीबाजार तहसील हरदीबाजार जिला कोरबा (छग)........आवेदक

**विरुद्ध**

1. राकेश कुमार पिता संतन सिंह, 2. रामबाई पिता लक्ष्मी प्रसाद 3. संजीव कुमार पिता संतन सिंह 4. राजू कुमार पिता संतन सिंह सभी जाति राठौर साकिन हरदीबाजार तहसील-हरदीबाजार, जिला कोरबा (छ०ग०), 5. पद्मावती पति रामप्रसाद सभी तेली साकिन हरदीबाजार तहसील-हरदीबाजार, जिला कोरबा (छ०ग०) -अनावेदकगण

सर्वसाधारण आम जनता ग्राम हरदीबाजार को सूचित किया जाता है कि आवेदक आवेदक द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि अनावेदकगण रामरतन पिता हरप्रसाद, 2. राकेश कुमार पिता संतन सिंह, 3. मदन लाल पिता हरप्रसाद 4. रामबाई पति लक्ष्मी प्रसाद, 5. संजीव कुमार पिता संतन सिंह, 6. राजीव कुमार पिता संतन सिंह, पद्मावती पति रामप्रसाद में आवेदन प्रस्तुत किया गया है ग्राम हरदीबाजार पहनं 15 स्थित भूमि ख.नं. 202 में से रकबा 0.05 एकड की भूमि को आवेदक के पिता तुलसीराम पिता जनकराम देवांगन द्वारा वर्ष 21.10.2002 में क्रय कर विधिवत नामांतरण क्र. 15 आदेश दिनांक 26.11.2002 में आवेदक के पिता के नाम पर नामांतरण कराया गया था। उक्त भूमि पर मकान निर्माण कर आवेदक निवास करते चले आ रहे हैं। पिता की मृत्यु उपरांत फौती नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत करने पर आवेदक को ज्ञात हुआ कि आवेदित भूमि आवेदक के पिता के नाम पर कम्प्युटर अभिलेख में दर्ज नहीं है। आवेदित भूमि एसईसीएल में अर्जन से प्रभावित भूमि है। जिसके अभिलेख सुधार हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में हित रखने वाले अनावेदकगणों को सूचित किया जाता है कि प्रकरण की आगामी सुनवाई तिथि 27.11.2025 नियत है। आप नियत दिनांक को उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते हैं। अनुपस्थित रहने पर प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

**तहसीलदार हरदीबाजार**
**जिला-कोरबा (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### मरकजी सीरत कमेटी द्वारा जलस-ए-सीरतुन्नबी की तैयारी पूरी



**कोरबा।** मरकजी सीरत कमेटी द्वारा 15सौ साल जश्ने ईद मिलादुन्नबी मनाने हेतु एक दिवसीय जलसा (धार्मिक प्रवचन) जलस-ए-सीरतुन्नबी का आयोजन 2 दिसंबर को ओपन थिएटर घंटाघर चौक में किया जा रहा है। होने वाले जलसा (धार्मिक प्रवचन) जलस-ए-सीरतुन्नबी में हज़रत मौलाना मुफ्ती मोहम्मद सलमान अज़हरी साहब पहली बार आगमन हो रहा है। मरकजी सीरत कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा आसिफ बेग व सचिव मोहसिन मेमन ने बताया कि (धार्मिक प्रवचन) जलस-ए-सीरतुन्नबी की तैयारियां की जा चुकी है (धार्मिक प्रवचन) जलस-ए-सीरतुन्नबी को शांति पूर्ण एवं सौहाद्र पूर्ण तरीके से संपन्न करने हेतु अलग अलग केटेगरी के वालिंटियर्स नियुक्त किये गए हैं। 2 दिसंबर को मुफ्ती साहब का कोरबा आगमन होगा तथा दोपहर 3:30 बजे टीपी नगर मदरसा दारुल उलूम रिजविया के पास मुफ्ती साहब का स्वागत किया जाएगा एवं शाम 7 बजे से जलस-ए-सीरतुन्नबी प्रारंभ हो जाएगा जिसमें मुफ्ती साहब का प्रवचन होगा।

### जेपीएस स्कूल के बच्चों ने वृद्धाश्रम में सामग्रियों का किया वितरण

**कोरबा।** जैन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने अपने विद्यालय द्वारा आयोजित सामुदायिक सेवा सप्ताह के तहत प्रशांति वृद्धाश्रम में सेवा और संवेदना से भरा यादगार समय बिताया। इस सेवा सप्ताह में विद्यार्थियों ने वृद्धाश्रम के बुजुर्गों के लिए दैनिक उपयोग की आवश्यक सामग्रियाँ दान कीं और उनके साथ आत्मीय पल साझा किए। छात्रों ने बुजुर्गों को भोजन परोसा, फल वितरित किए तथा कंबल, कपड़े, दवाइयाँ, स्वच्छता सामग्री सहित अन्य रोज़मर्रा की जरूरत की वस्तुएँ भी भेंट कीं। अकेलेपन की पीड़ा, संघर्ष और उनके वर्तमान जीवन की परिस्थितियाँ सुनकर छात्रों की आँखें भर आईं। कई विद्यार्थी बुजुर्गों की व्यथा से इतने भावुक हो गए कि उनकी आँखों से आँसू छलक पड़े। छात्र–छात्राओं ने कहा यह अनुभव हमारे जीवन का सबसे हृदयस्पर्शी और मन को झकझोर देने वाला प्रयोग रहा।

### नई शिक्षा नीति और प्रभावों पर प्राध्यापकों व छात्रों में संवाद



**कोरबा।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेज़ी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय में अध्ययनरत प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों तथा नव-नियुक्त अतिथि प्राध्यापकों के लिए रखा गया था। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को एन.ई.पी 2020 की अवधारणा, संरचना तथा उनके शैक्षणिक जीवन पर पडऩे वाले प्रभावों से अवगत कराना था। कार्यक्रम की शुभारंभ महाविद्यालय की संस्था प्रभारी एवं एनईपी समन्वयक डॉ. डेज़ी कुजूर ने किया। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की मुख्य विशेषताओं, उद्देश्यों और दिशा-निर्देशों पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात सुश्री दिव्या पटेल सहायक प्राध्यापक, अंग्रेज़ी के द्वारा विद्यार्थियों को शैक्षणिक संरचना, कोर्स क्रेडिट प्रणाली, उपस्थिति नियम, आंतरिक मूल्यांकन तथा परीक्षा प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। सुश्री पूजा सिंह, सहायक प्राध्यापक, रसायन विज्ञान ने आंतरिक मूल्यांकन, परीक्षा प्रणाली एवं परिणाम विश्लेषण पर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में अतिथि व्याख्याता नुपिता सेन यादव, शैलेश माहेश्वरी, आशिया खान, मधु यादव सहित नव-नियुक्त अतिथि व्याख्याता हेमंत कुमार, गणित तथा पूनम साहू भौतिक शास्त्र सहित अन्य उपस्थित रहे।

## मानिकपुर व सीएसईबी चौकी क्षेत्र में रविवार की रात मचा हंगामा

# एसईसीएल के सिरफिरे गार्ड ने देर रात को 20 चार पहिया वाहनों के शीशों को तोड़ा, गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।




क्षतिग्रस्त कार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल में सुरक्षा कर्मी के पद पर पदस्थ एक युवक ने देर रात को रिहायशी कालोनी में दीवाल फांदकर पहुंचा और पार्किंग में खड़ी एक नहीं दो नहीं बल्कि 18 चार पहिया वाहनों के शीशे को लगातार तोड़कर मौके से भाग निकला। इसके बाद भी उसका गुस्सा शांत नहीं हुआ टीपी नगर के पॉम माल में पहुंचकर जमकर उत्पात मचाते हुए दो फॉर्च्यूनर वाहन सहित कुल तीन वाहनों में जमकर तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया। इस दौरान युवक ने कुछ लोगों के साथ मारपीट भी किया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम हरकत में आई और तोड़फोड़ कर आतंक मचाने वाले एसईसीएल के सुरक्षा गार्ड को हिरासत में लिया। पकड़े गए सुरक्षा कार्ड के खिलाफ मानिकपुर व सीएसईबी चौकी पुलिस ने अलग-अलग धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायिक निर्माण में जेल भेज दिया है।

एक सिरफिरे युवक ने रविवार की देर रात शहर के अलग अलग क्षेत्रों में जमकर तोड़फोड़ व हंगामा मचाया है। मानिकपुर पुलिस चौकी क्षेत्रांतर्गत शारदा विहार के वैभव होम्स के पार्किंग एरिया में घुसकर एक युवक ने वारदात की शुरूआत की। पुलिस ने बताया कि देर रात उसके द्वारा यह हरकत की गई। उसने पार्किंग एरिया में खड़े कुल 18 चार पहिया वाहनों को निशाना बनाया और सभी वाहनों के आगे और पीछे के शीशे तोड़ दिया। उसकी हरकत पर यहां के सुरक्षा गार्ड ने हस्तक्षेप किया तो उस पर भी हमला करने की कोशिश की और वहां से फरार हो गया। देर रात को हुई घटना के बाद वैभव होम्स में रहने वाले लोग अपने घरों से बाहर निकले और कार के शीशों को टूटी फूटी देख उनके होश उड़ गया। इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस की टीम मौके पर पहुंच भी नहीं पायी थी कि वह शारदा विहार रेलवे क्रासिंग को पार कर सीएसईबी पुलिस चौकी क्षेत्रांतर्गत पॉम मॉल के पास भी तोड़ फोड़ की घटना की घटना को अंजाम दिया और वहां से भागकर टीपी नगर के राजू होटल के समीप जा पहुंचा और सड़क पर खड़ी दो फॉर्च्यूनर के शीशे को तोड़ दिया। पुलिस की टीम देर रात को हंगामेबाज युवक की तलाश करती रही और जिसके उपरांत पुलिस ने टीपी नगर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया। पकडा गया युवक मूलतः चंपारण बिहार का रहने वाला है जो शहर के मानिकपुर चौकी क्षेत्र के खरमोरा बस्ती में निवास करता है। जिसकी पहचान दीपू भारती पिता राजाराम भारती के रुप में की गई है जो एसईसीएल में सुरक्षागार्ड के पद पर पदस्थ है। सीएसईबी चौकी प्रभारी भीमसेन यादव ने बताया कि पकड़े गए आरोपी दीपू भारती के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत सीएसईबी चौकी व मानिपकुर चौकी में अलग अलग मामला दर्ज किया गया है साथ ही प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है।

**खास बात**

- सबसे ज्यादा वैभव होम्स में 18 गाड़ियां

**सोहागपुर में कर चुका था हरकत हुआ था तबादला**

पुलिस के आधिकारिक सूत्र बताते हैं की तोड़फोड़ की घटना को अंजाम देने वाला युवक के पिता के निधन के बाद उसे अनुकंपा में नौकरी मिली है। पुलिस ने बताया कि वह पूर्व में सोहागपुर एसईसीएल खदान में पदस्थ तथा इस दौरान भी उसने एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र में इसी तरह की मारपीट और तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया था उसकी इस हरकतों से स्थानीय अधिकारी कर्मचारी परेशान थे। जिसके चलते उसे 5 माह पहले ही उसका तबादला एसईसीएल दीपका खदान में किया गया है अब यहां आने के बाद एक बार फिर से शहर में इस तरह की घटना को अंजाम दिया है। इससे संभावना जताई जा रही है कि उसकी कुछ मानसिक दशा ठीक नहीं है। हालांकि कि जांच के बाद स्पष्ट होगा कि उसकी मानसिक हालत ठीक है कि नहीं।

**पांच माह पहले दीपका खदान में हुई थी पोस्टिंग**

बताया जाता है कि शहर में देर रात आतंक मचाकर तोड़फोड़ करने वाले युवक एसईसीएल सोहागपुर में पहले पदस्थापना थी। पांच माह पहले ही उसकी पदस्थापना एसईसीएल दीपका खदान में हुई है और वह मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत खरमोरा में निवास करता है। युवक वह मूलतः बिहार के चंपारण का रहने वाला है। उसने इस तरह की हरकत और घटनाओं को क्यों अंजाम दिया है या स्पष्ट नहीं हो पाया है फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट हो पाएगा।

## युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मिली लाश, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 35 वर्षीय युवक की लाश मिलने की सूचना पर मौके पर पहुंचकर वैधानिक कार्रवाई कर शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है। युवक की पहचान नहीं हो पाई है। युवक की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई है यह भी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों को खुलासा हो पाएगा। फिलहाल पुलिस उसकी पहचान करवाई में जुटी हुई है।

रविवार की देर शाम सिविल लाइन थाना प्रभारी प्रमोद डनसेना को स्थानीय लोगों से सूचना मिली कि सतनाम नगर टायर दुकान के समीप एक 35 वर्षीय युवक की लाश मिली है। लाश मिलने की सूचना पाते ही सिविल लाइन थाना प्रभारी प्रमोद कुमार डनसेना दलबल सहित मौके पर पहुंचे जहां पुलिस ने घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। मृत युवक लोवर पहना हुआ है ऊपर खुला बदन है, युवक की मौत कैसे हुई है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। ना ही उसकी पहचान हो पायी है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है। पुलिस ने युवक के शव को जिला मेडिकल अस्पताल पीएम के लिए भेज दिया है। संभावना जताई जा रही है कि मृत युवक चालक या परिचालक हो सकता है और संभवतः उसकी मौत ठंड की वजह से हुई होगी। फिलहाल पुलिस मामले में जांच शुरु कर दी है। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

## पैरावट और खरही में लगी आग किसान को हुआ आर्थिक नुकसान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

धान कटाई के बाद किसानों द्वारा तेज़ी से मिसाई का काम किया जा रहा है। धान से निकले पैरावट (भूसा) और खरही को किसान खेतों और घरों के पास सुरक्षित रखने के लिए ढेर बनाते हैं, ताकि पशुओं के चारे और भविष्य की जरूरतों के लिए उपलब्ध रहे लेकिन इन दिनों जैसे-जैसे सर्दी बढ़ रही है, लोग अलाव जलाकर गर्मी पाने का प्रयास करते हैं। कई बार अलाव से उड़कर निकलने वाली चिंगारी अनजाने में भूसा अथवा खरही तक पहुंच जाती है, जिससे भारी नुकसान की आशंका बन जाती है। इसी तरह की घटना रविवार को ग्राम पंचायत हुंकरा और कापूबहरा में देखने को मिली। जहां पैरावट और खरही के बड़े ढेर में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भीषण रूप धारण कर लिया। ग्रामीणों ने तुरंत स्थिति की गंभीरता को समझते हुए कटघोरा नगर पालिका की दमकल टीम को सूचना दी। दमकल की टीम मौके पर पहुंची और पैरावट में लगी आग पर काबू किया गया।

## गरीबों की सेवा करना पुण्य का कार्य : धनोंदिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



कंबल वितरण करते लायंस क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्य।

दी इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लायन्स क्लब से संबंधित संस्था लायन्स क्लब कटघोरा छुरी के द्वारा सामाजिक सेवा के कार्य किये जा रहे हैं। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि नगर में चल रही शीतलहर को देखते हुए शनिवार को राम मंदिर छुरी में क्लब के द्वारा प्रथम चरण में छुरी नगर पंचायत के गरीब परिवारों को कम्बल वितरण करने का कार्यक्रम बनाया गया। जिसके तहत छुरी के वार्ड नं 1 से लेकर वार्ड नं 15 तक के गरीब परिवारों को चिन्हांकित करते हुए प्रथम चरण में करीब 150 परिवारों को कम्बल वितरण करने का कार्यक्रम रखा गया। डिस्ट्रिक्ट पीआरओ अजय धनोंदिया ने बताया कि निश्चित ही लायन्स क्लब शुरू से ही सेवा कार्यो में आगे रही है व गरीबों की सेवा करना निश्चित ही पुण्य का कार्य है आज जिस प्रकार से ठंड पड़ रही है निश्चित ही ऐसे समय मे हर किसी को किसी ना किसी माध्यम से गरीब व जरूरतमन्द लोगों की सेवा करनी चाहिए क्योंकि आपके द्वारा किये गए सेवा कार्य निश्चित ही किसी ना किसी जरूरतमन्द लोगों के काम आएगी। राजकुमार अग्रवाल ने व्यवस्था को लेकर बताया कि पंचायत जे सभी वार्डो में घूम घूमकर करीब परिवारों को चिन्हांकित किया जाता हैं। ततपश्चात सभी को टोकन देते हुए राम मंदिर के प्रांगण में एक सांथ सभी गरीब परिवार के लोगो को कम्बल का वितरण किया जाता है। इस अवसर पर नरेंद्र अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, हुकुमचंद अग्रवाल, गोपाल गोस्वामी, बी पी बाजपेयी, मुकेश गुप्ता, सुधीर पाण्डेय, नंद देवांगन, श्रीमती मधु अग्रवाल, श्रीमती चंचल अग्रवाल, उमेश जायसवाल, यतीश जायसवाल सहित सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पत्नी की मौत के गम में पति ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 50 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति की पत्नी की 3 माह पहले मौत हो गई थी। मौत के बाद से वह काफी परेशान रहने लगा था और पत्नी की मौत के वियोग में उसने अपने घर में फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

जानकारी के अनुसार चैतमा चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बाइसेमर निवासी किताब सिंह 50 वर्ष पिता स्व पूरन सिंह ने अपने घर में फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और प्रारंभिक जांच के दौरान पाया कि किताब सिंह की पत्नी कमलाबाई की तीन माह पहले बीमारी से मौत हो गई थी पत्नी की मौत के बाद से किताब अक्सर गुमसुम रहता था और अकेले ही घर पर रहता था। बताया जाता है कि शनिवार की रात उसने अपने घर पर फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया है। फिलहाल पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है।

**हरिभूमि**

पाठकों के लिए माह नवंबर 2025 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 10 दिन | 4.00 | 40.00 |
| 20 दिन | 5.00 | 100.00 |
| 30 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह नवंबर 2025 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 दिसंबर 2025 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

## अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी संजू का पाली में होगा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाली



संजू देवी

खेल प्रेमियों के लिए पाली में एक खास अवसर बनने जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी सुश्री संजू देवी के सम्मान में 'पाली गौरव सम्मान समारोह' का आयोजन किया जा रहा है। कबड्डी वर्ल्ड कप टूर्नामेंट में उनके शानदार प्रदर्शन ने न सिर्फ जिले, बल्कि पूरे प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। संजू देवी की मेहनत, लगन और खेल के प्रति समर्पण ने जिले के युवाओं के लिए प्रेरणादायक मिसाल पेश की है। इसी उपलब्धि को साझा करने और खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने की मंशा से यह सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। समारोह 1 दिसंबर, सोमवार दोपहर 2 बजे शिव मंदिर, पाली परिसर में होगा। कार्यक्रम में जिले के पदाधिकारियों, खिलाड़ियों, खेलप्रेमियों और आम नागरिकों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम का मुख्य संदेश एकता और समानता पर आधारित है। बिना किसी भेदभाव या पक्षपात के, यह आयोजन सभी के लिए खुला है। आयोजकों ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस गौरवपूर्ण अवसर पर उपस्थित होकर अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी संजू देवी का सम्मान बढ़ाएँ और जिले में खेल भावना को और मजबूत करें।

### दीपका में एसआईआर अभियान के दौरान पार्षद ने दिया सहयोग

**दीपका।** वार्ड नंबर 9 में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत पार्षद सुजीत सिंह ने कार्यक्रम में सम्मिलित होकर अपनी सक्रिय सहभागिता दी। उन्होंने वार्डवासियों को मतदाता सूची में नाम संशोधन, जोड़ने और सुधार से संबंधित प्रक्रिया के बारे में जागरूक किया। पार्षद सुजीत सिंह ने घर–घर जाकर लोगों को ब्लॉक लेवल अधिकारियों के साथ सहयोग करने और सही जानकारी उपलब्ध कराने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि एसआईआर अभियान लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने का एक महत्त्वपूर्ण कदम है, जिसमें नागरिकों की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने वार्ड के निवासियों को भरोसा दिलाया कि हर पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में शामिल करवाने के लिए पूरा सहयोग किया जाएगा। पार्षद की इस पहल को वार्डवासियों ने सराहा और अभियान को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## विद्युत पावर क्रिकेट लीग का 16वां व 17वां मुकाबला संपन्न

# वीपीसीएल के रोमांचक मैचों ने जीता दर्शकों का दिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जीत के बाद ट्रॉफी के साथ विजेता खिलाड़ी।

विद्युत पावर क्रिकेट लीग (वीपीसीएल) के 16वें व 17वें मुकाबले 29 नवम्बर को खेले गए, जिसमें अंबिकापुर रीजन ने एक ही दिन में दो मैच खेले। दिन के पहले मुकाबले में बिलासपुर रीजन का सामना अंबिकापुर रीजन से हुआ, समयाभाव के कारण मैच 18–18 ओवर का रखा गया। टॉस जीतकर अंबिकापुर ने क्षेत्ररक्षण चुना। बिलासपुर के बल्लेबाजों ने अच्छी शुरुआत दी, लेकिन मध्य व अंतिम ओवरों में अंबिकापुर के गेंदबाजों ने रनगति पर लगाम कस दी। ओपनर टुकेश पाटनवार ने 63 (43) और विकास तिवारी ने 37 (42) रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली, जिसके दम पर बिलासपुर रीजन ने 18 ओवर में 146/3 का मजबूत स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए अंबिकापुर रीजन को शुरुआती झटके लगे और बिलासपुर रीजन की कसी हुई गेंदबाजी ने रनगति नियंत्रित रखी। इसके बाद लोकनाथ नेताम और विवेक पैकरा की साझेदारी ने मैच को रोमांचक मोड़ दे दिया। लोकनाथ ने 39 (44) और विवेक पैकरा ने 62 (28) रनों की विस्फोटक पारी खेली, जिससे अंबिकापुर ने 17.5 ओवर में 147/5 बनाकर मुकाबला 5 विकेट से अपने नाम कर लिया। इस शानदार जीत में निर्णायक भूमिका निभाने के लिए विवेक पैकरा को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दिन के दूसरे मुकाबले में एचटीपीएस कोरबा वेस्ट और अंबिकापुर रीजन की टीमें आमने–सामने थी। टॉस जीतकर अंबिकापुर ने बल्लेबाजी चुनी, लेकिन कोरबा वेस्ट के अनुशासित आक्रमण ने उन्हें उबरने का मौका नहीं दिया और पूरी टीम 20 ओवर में 132 रन पर सिमट गई। अंबिकापुर के कप्तान महेंद्र नेताम ने 57 (43) रन बनाए। कोरबा वेस्ट की ओर से सतीश ध्रुव ने 3 विकेट झटके, जबकि देवेंद्र वर्मा और शशांक कर्महे ने 2–2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए कोरबा वेस्ट ने पावर–प्ले का भरपूर लाभ उठाया और 13.4 ओवर में 136/4 रन बनाकर 6 विकेट से जीत दर्ज की। वरुणेन्द्र दीक्षित ने 54 (36), देवेंद्र वर्मा ने 30 (23) और कप्तान बलराम यादव ने 27 (18) रनों का योगदान दिया। इस मैच में देवेंद्र वर्मा मैन ऑफ द मैच रहे। मुख्य अतिथि श्री पी आर वार्ते, दीवाकर मिश्रा, शशांक कर्महे, कोरबा ईस्ट के कप्तान सरोज राठौर व महेंद्र नेताम उपस्थित रहे। अंपायरिंग राहुल यादव, पी. विशाल, नमन निराला व प्रतीक भारती ने की तथा स्कोरिंग एवं कमेंट्री का कार्यभार संतोष सिंह, सागर देवांगन, गजेंद्र पवार व मनोज यादव ने संभाली।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
80 शीटें शेष
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411